[This question paper contains 16 printed pages.]

Your Roll No...............

Sr. No. of Question Paper : 4324 **I**

Unique Paper Code : 2412083503

Name of the Paper : Management Accounting

Name of the Course : **B.Com. (H) UGCF**

Semester : V – DSC

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 90

Instructions for Candidates

1. Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.
2. Attempt **all** questions.
3. **All** questions carry equal marks.
4. Use of Simple Calculator is allowed.
5. Working Notes should form part of your answer.
6. Answers may be written either in English or Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।
3. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।
4. साधारण कैलकुलेटर उपयोग की अनुमति है।
5. कार्यात्मक टिप्पणी आपके उत्तर के पक्ष में हो।
6. इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेजी या हिंदी किसी एक भाषा में दीजिए, लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए।

P.T.O.

1. (a) What is management accounting? Discuss in brief the nature and scope of management accounting. (9)

   (b) Define responsibility accounting. Explain the various type of responsibility centers that are required to be created for the success of the system of responsibility accounting. (9)

Or

   (a) What do you understand by cost control and cost reduction? Which of the two is superior? (9)

   (b) Discuss with suitable examples the 'return on investment method' and 'residual income method' used for divisional performance measurement. (9)

2. The budget manager of a company is preparing a flexible budget for the coming accounting year. The company produces a single product. The following information is provided: Direct material cost Rs.120 per unit. Direct labour averages Rs. 50 per hour and requires 1.8 hours to produce one unit of product. Salesmen are paid a commission of Rs.10 per unit sold. Other variable selling and administration expenses are estimated at Rs.8 per unit. Fixed selling and administration expenses amount to Rs.2,50,000 per year.

   Manufacturing overheads have been estimated in the following amounts under given conditions of volume:

	Volume of Production & Sale	
Expense	**For 12,000 units(Rs.)**	**For 15,000 units(Rs.)**
Indirect materials	2,40,000	3,00,000
Indirect labour	1,20,000	1,50,000
Inspection	84,000	1,05,000
Maintenance	60,000	69,000
Supervision	1,40,000	1,55,000
Depreciation—Plant & Equipment	1,00,000	1,00,000
Engineering services	80,000	80,000
Total Manufacturing Overheads	**8,24,000**	**9,59,000**

Prepare a total production cost budget at a production level of 14,000 units stating clearly the cost behaviour of each cost to output.

Or

(a) What is meant by performance budgeting? What steps are required to be taken for preparing performance budget? (6)

(b) The following details have been obtained from the records of Smart Tools Ltd. for the six months of 2024 (and the sale of January, 2025) in respect of product X.

(i) The units to be sold in different months are :

Month	July,24	Aug.,24	Sept,. 24	Oct.,24	Nov., 24	Dec., 24	Jan.,25
Sales (units)	1,100	1,100	1,700	1,900	2,500	2,300	2,000

(ii) There will be no work in progress at the end of any month.

(iii) Finished equal to half the sale of the next month will be in stock at the end of every month (including June, 2024).

(iv) Budgeted production and production cost for the year ending 31st December, 2024 are:

Production (units)	22,000
Direct material cost per unit	Rs. 10
Direct wages per unit	Rs. 4

Prepare :

(a) Production Budget for the six months ending December, 2024

(b) Summarised production cost budget for the same period. (12)

3. (a) Distinguish between Standard cost and Estimated cost. (4)

(b) The standard cost of a chemical mixture is as follows :

40% of material A at a cost of Rs.20 per kg.

60% of material B at a cost of Rs.30 per kg.

A standard loss of 10% of input is expected in production. The cost records for a period showed the following usage :

90 kg material A at a cost of Rs.18 per kg

110 kg material B at a cost of Rs.34 per kg

The quantity produced was 182 kg of good product.

Calculate all material variances. (14)

Or

The company operates a standard costing system and showed the following data for the month of October, 2024 :

	Actual	**Budgeted**
No. of days	22	20
Man-hours	4,300	4,000
Overhead rate per hour	-	Rs. 0.50
Hours per unit of output	-	10
Fixed overhead incurred	Rs. 1800	-
No. of units produced	425	-

Calculate following overhead variances :

(i) Fixed Overhead Cost Variance,

(ii) Fixed Overhead Expenditure Variance,

(iii) Fixed Overhead Volume Variance,

(iv) Fixed Overhead Efficiency Variance,

(v) Fixed Overhead Capacity Variance,

(vi) Fixed Overhead Calendar Variance.

4. (a) The following cost and sale of a manufacturing company for the first half and second half of 2023 are given :

	First Half (Rs.)	Second Half (Rs.)
Sale	24,00,000	30,00,000
Total Cost	21,80,000	26,00,000

Assuming that there is no change in selling price and variable cost per unit and fixed cost are also incurred equally in the first and second half.

You are asked to determine: (i) P/V Ratio (ii) Annual Fixed Cost (iii) Break-even sales for each half (9)

(b) XYZ Ltd. provides you the following data for the year ending 31st March 2024.

Particulars	
Production (units)	1,200
Sale (units)	1,100
There was no opening stock	
Costs:	Rs.
Variable manufacturing cost per unit	70
Fixed manufacturing overhead	22,000
Variable selling and administration overhead per unit	5
Fixed selling and administration overheads	4,000
Selling price per unit	150

Prepare :

(i) Income statement based on variable costing method.

(ii) Income statement based on absorption costing method.

(iii) Explain the difference in profit under variable and absorption costing, if any. (9)

Or

(a) Distinguish between marginal costing and absorption costing. (4)

(b) An analyses of ABC Ltd. led to the following information:

Cost Element	Variable Cost (% of sale)	Fixed Cost (Rs.)
Direct Material	32.8	-
Direct Labour	28.4	-
Factory Overheads	12.6	1,89,900
Distribution Overheads	4.1	58,400
General Adm.Overheads	1.1	66,700

Budgeted sales are Rs.18,50,000. You are required to determine :

(i) Break even sales volume

(ii) The profit at the budgeted sales volume

(iii) The profit if actual sales: (a) drop by 10% and (b) increases by 5% from budgeted sales. (14)

5. (a) Distinguish between sunk cost and shut down cost. (4)

(b) XYZ Ltd. which produces three products furnishes you the following data for the year 2023.

	Product A	Product B	Product C
Selling price per unit Rs.	100	75	50
Profit/ Volume ratio	10%	20%	40%
Maximum sale potential (units)	40,000	25,000	10,000
Raw material content as percentage of variable costs	50%	50%	50%

The fixed expenses are estimated at Rs.6,80,000. The company uses a single raw material in all the three products. Raw material is in short supply and the company has a quota for the supply of raw materials of the value of Rs.18,00,000 for the year for the manufacturing of its products to meet its sales demand.

You are required to find the product mix which will give the maximum overall profit keeping the short supply of raw material in view. Also calculate the profit at the mix so selected. (14)

Or

(a) What is the difference between relevant cost and irrelevant cost? Explain with examples. (4)

(b) XYZ Ltd. manufactures 20,000 units of 'X' in a year at its production capacity. The unit cost as to variable costs and fixed costs at this level are Rs.26 and Rs.8 respectively.

Selling Price per unit is Rs.40. Due to trade depression, it is expected that only 2,000 units of 'X' can be sold during the next year. The management plans to shut-down the plant. The fixed cost for the next year then is expected

to be reduced by 60%. If the plant is shut down, plant maintenance would cost Rs.18,000 and on reopening of the factory, cost of overhauling the plant and cost of training and engagement of new personnel would amount to Rs.6,000 and Rs.2,000 respectively. Should the plant be shut-down? What is the shut-down point? (14)

1. (क) प्रबंधन लेखांकन क्या है? प्रबंधन लेखांकन की प्रकृति एवं क्षेत्र पर संक्षेप में चर्चा कीजिए। (9)

(ख) उत्तरदायित्व लेखांकन (responsibility accounting) को परिभाषित कीजिए। उत्तरदायित्व लेखांकन की प्रणाली की सफलता के लिए बनाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के उत्तरदायित्व केंद्रों की व्याख्या कीजिए। (9)

अथवा

(क) लागत नियंत्रण और लागत में कमी से आप क्या समझते हैं? इन दोनों में से कौनसा बेहतर है? (9)

(ख) प्रभागीय प्रदर्शन माप के लिए उपयोग की जाने वाली 'निवेश पर लाभ विधि' (return on investment method) और 'अवशिष्ट आय विधि' (residual income method) पर उपयुक्त उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए। (9)

2. किसी कंपनी का बजट प्रबंधक आगामी लेखा वर्ष के लिए एक लचीला बजट तैयार कर रहा है। कंपनी एक ही उत्पाद का उत्पादन करती है। निम्नलिखित जानकारी दी गई हैरू प्रत्यक्ष सामग्री लागत 120 रुपये प्रति इकाई है। प्रत्यक्ष श्रम औसतन 50 रुपये प्रति घंटा है और उत्पाद की एक इकाई का उत्पादन करने के लिए 1.8 घंटे की आवश्यकता होती है। बिक्री की गई प्रत्येक इकाई पर सेल्समैन को 10 रुपये का कमीशन दिया जाता है। अन्य परिवर्तनीय बिक्री और प्रशासनिक व्यय 8 रुपये प्रति इकाई अनुमानित है। निश्चित बिक्री और प्रशासनिक व्यय प्रति वर्ष 2,50,000 रुपये है। विनिर्माण ओवरहेड्स का अनुमान मात्रा की दी गई शर्तों के तहत निम्नलिखित राशियों में लगाया गया है :

	उत्पादन और बिक्री की मात्रा	
व्यय	12,000 इकाइयों हेतु (रु.)	15,000 इकाइयों हेतु (रु.)
अप्रत्यक्ष सामग्री	2,40,000	3,00,000
अप्रत्यक्ष श्रम	1,20,000	1,50,000
निरीक्षण	84,000	1,05,000
रखरखाव	60,000	69,000
पर्यवेक्षण	1,40,000	1,55,000
मूल्यह्रास — संयंत्र और उपकरण	1,00,000	1,00,000
इंजीनियरिंग सेवाएँ	80,000	80,000
कुल विनिर्माण ओवरहेड्स	**8,24,000**	**9,59,000**

प्रत्येक लागत का उत्पादन के प्रति लागत व्यवहार स्पष्ट रूप से बताते हुए 14,000 इकाइयों के उत्पादन स्तर पर कुल उत्पादन लागत बजट तैयार कीजिए।

अथवा

(क) कार्यनिष्पादन बजट (performance budgeting) से क्या अभिप्राय है? कार्यनिष्पादन बजट तैयार करने के लिए क्या कदम उठाए जाने आवश्यक हैं? (6)

(ख) स्मार्ट टूल्स लिमिटेड के रिकॉर्ड से उत्पाद X के संबंध में 2024 के छह महीनों (और जनवरी, 2025 की बिक्री) के लिए निम्नलिखित विवरण प्राप्त किए गए हैं।

(i) विभिन्न महीनों में बिक्री की जाने वाली इकाइयाँ निम्नानुसार हैं:

माह	जुलाई,24	अगस्त,24	सितंबर, 24	अक्टूबर,24	नवंबर, 24	दिसंबर, 24	जनवरी, 25
बिक्री(इकाइयाँ)	1,100	1,100	1,700	1,900	2,500	2,300	2,000

(ii) किसी भी माह के अंत में कोई कार्य प्रगति पर नहीं होगा।

(iii) अगले माह की आधी बिक्री के बराबर तैयार माल हर महीने के अंत में (जून, 2024 सहित) स्टॉक में होगा।

(iv) 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए बजटीय उत्पादन और उत्पादन लागत निम्नानुसार है:-

उत्पादन (इकाइयाँ)	22,000
प्रति इकाई प्रत्यक्ष सामग्री लागत	रु.10
प्रति इकाई प्रत्यक्ष मजदूरी	रु.4

तो निम्नलिखित तैयार कीजिए:-

(क) दिसंबर, 2024 को समाप्त होने वाले छह महीनों के लिए उत्पादन बजट।

(ख) इसी अवधि के लिए सारांशित उत्पादन लागत बजट। (12)

3. (क) मानक (Standard) लागत और अनुमानित (Estimated) लागत के बीच अंतर बताइए। (4)

(ख) एक रासायनिक मिश्रण की मानक लागत निम्नानुसार है :-

सामग्री A का 40 प्रतिशत 20 रुपये प्रति किलोग्राम की लागत पर है।

सामग्री B का 60 प्रतिशत 30 रुपये प्रति किलोग्राम की लागत पर है।

उत्पादन में इनपुट के 10 प्रतिशत की मानक हानि अपेक्षित है। किसी अवधि के लिए लागत रिकॉर्ड में निम्नलिखित उपयोग दर्शाया गया है :

90 किग्रा सामग्री A की लागत 18 रुपये प्रति किग्रा. है।

110 किग्रा सामग्री B की लागत 34 रुपये प्रति किग्रा. है।

182 किग्रा मात्रा में अच्छा उत्पाद उत्पादित किया गया।

सभी सामग्री भिन्नताओं की गणना कीजिए। (14)

अथवा

कोई कंपनी मानक लागत प्रणाली संचालित करती है और अक्टूबर, 2024 माह के लिए निम्नलिखित सूचना दर्शायी है :-

	वास्तविक	बजट
दिनों की संख्या	22	20
श्रम घंटे	4,300	4,000
प्रति घंटे ओवरहेड दर	-	Rs. 0.50
उत्पादन की प्रति इकाई घंटे	-	10
निश्चित ओवरहेड व्यय	Rs. 1800	-
उत्पादित इकाइयों की संख्या	425	-

निम्नलिखित ओवरहेड भिन्नताओं की गणना कीजिए :-

(i) निश्चित (Fixed) ओवरहेड लागत भिन्नता,

(ii) निश्चित ओवरहेड व्यय भिन्नता,

(iii) निश्चित ओवरहेड मात्रा भिन्नता,

(iv) निश्चित ओवरहेड दक्षता भिन्नता,

(v) निश्चित ओवरहेड क्षमता भिन्नता,

(vi) निश्चित ओवरहेड कैलेंडर भिन्नता।

4. (क) वर्ष 2023 की पहली छमाही और दूसरी छमाही के लिए किसी विनिर्माण कंपनी की निम्नलिखित लागत और बिक्री दर्शायी गई है :

	पहली छमाही (रु.)	दूसरी छमाही (रु.)
बिक्री	24,00,000	30,00,000
कुल लागत	21,80,000	26,00,000

मान लीजिए कि प्रति इकाई बिक्री मूल्य और परिवर्तनीय लागत में कोई बदलाव नहीं है और निश्चित लागत भी पहली और दूसरी छमाही में समान है।

तो निम्नलिखित निर्धारित कीजिए : (i) पी/वी अनुपात (P/V Ratio) (ii) वार्षिक निश्चित लागत (iii) प्रत्येक छमाही के लिए ब्रेक-ईवन बिक्री (9)

(ख) XYZ Ltd. 31 मार्च, 2024 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए निम्नलिखित सूचना प्रदान करती है।

विवरण	
उत्पादन (इकाइयाँ)	1,200
बिक्री (इकाइयाँ)	1,100
कोई प्रारंभिक स्टॉक नहीं था	
लागत:	Rs.
प्रति इकाई परिवर्तनीय विनिर्माण लागत	70
निश्चित विनिर्माण ओवरहेड	22,000
प्रति इकाई परिवर्तनीय बिक्री और प्रशासन ओवरहेड	5
निश्चित बिक्री और प्रशासन ओवरहेड	4,000
प्रति इकाई बिक्री मूल्य	150

निम्नलिखित तैयार कीजिए :

(i) परिवर्तनीय लागत विधि (variable costing method) पर आधारित आय विवरण।

(ii) अवशोषण लागत विधि (absorption costing method) पर आधारित आय विवरण।

(iii) परिवर्तनीय और अवशोषण लागत के तहत लाभ में अंतर, यदि कोई हो, को स्पष्ट कीजिए। (9)

अथवा

(क) सीमांत लागत (marginal costing) और अवशोषण लागत के बीच अंतर बताइए। (4)

(ख) ABC Ltd. के विश्लेषण से निम्नलिखित जानकारी प्राप्त हुई है:-

लागत तत्व	परिवर्तनीय लागत (बिक्री का %)	निश्चित लागत (रु.)
प्रत्यक्ष सामग्री	32.8	-
प्रत्यक्ष श्रम	28.4	-
फैक्टरी ओवरहेड	12.6	1,89,900
वितरण ओवरहेड	4.1	58,400
सामान्य प्रशासन ओवरहेड	1.1	66,700

बजट बिक्री (Budgeted sales) 18,50,000 रु. है। तो निम्नलिखित निर्धारित कीजिए:

(i) बिक्री की ब्रेक-इवन मात्रा (Break even sales volume)

(ii) बजट बिक्री मात्रा पर लाभ (The profit at the budgeted sales volume)

(iii) यदि वास्तविक बिक्री में: (क) 10 प्रतिशत की गिरावट आ जाए और (ख) बजट बिक्री से 5 प्रतिशत की वृद्धि हो जाए, तो लाभ ज्ञात कीजिए। (14)

5. (क) निमग्न लागत (sunk cost) और शटडाउन लागत (shut down cost) के बीच अंतर बताइए। (4)

(ख) XYZ Ltd., जो तीन उत्पाद बनाती है, ने वर्ष 2023 के लिए निम्नलिखित सूचना प्रदान की है।

	उत्पाद A	उत्पाद B	उत्पाद C
प्रति इकाई विक्रय मूल्य रु.	100	75	50
लाभ/मात्रा अनुपात (Profit/ Volume ratio)	10%	20%	40%
अधिकतम बिक्री क्षमता (इकाइयाँ)	40,000	25,000	10,000
परिवर्तनीय लागत के प्रतिशत के रूप में कच्चे माल की मात्रा	50%	50%	50%

निश्चित व्यय 6,80,000 रुपये अनुमानित है। कंपनी अपने तीनों उत्पादों में एक ही कच्चे माल का उपयोग करती है। कच्चे माल की आपूर्ति कम है और कंपनी के पास अपनी

P.T.O.

बिक्री मांग को पूरा करने हेतु अपने उत्पादों के विनिर्माण के लिए वर्ष के लिए 18,00,000 रुपये मूल्य के कच्चे माल की आपूर्ति का कोटा है।

कच्चे माल की कम आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए, ऐसा उत्पाद मिश्रण ज्ञात कीजिए, जो अधिकतम समग्र लाभ दे। इस प्रकार चयनित मिश्रण पर लाभ की गणना भी कीजिए। (14)

अथवा

(क) प्रासंगिक लागत और अप्रासंगिक लागत में क्या अंतर है? सोदाहरण समझाएँ। (4)

(ख) XYZ Ltd. अपनी उत्पादन क्षमता पर एक वर्ष में 'X' की 20,000 इकाइयाँ बनाती है। इस स्तर पर परिवर्तनीय लागत और स्थिर लागत के रूप में इकाई लागत क्रमशः 26 रुपये और 8 रुपये है। प्रति इकाई विक्रय मूल्य 40 रुपये है। व्यापारिक मंदी के कारण, अगले वर्ष 'X' की केवल 2,000 इकाइयों की ही बिक्री होने का अनुमान है। कंपनी के प्रबंधन का संयंत्र को बंद करने का विचार है। इससे अगले वर्ष निश्चित लागत में 60 प्रतिशत की कमी होने का अनुमान है। यदि संयंत्र बंद हो जाता है, तो संयंत्र के रखरखाव पर 18,000 रुपये खर्च होंगे और कारखाने को फिर से खोलने पर, संयंत्र की ओवरहॉलिंग की लागत और नए कर्मियों को प्रशिक्षण और उनकी नियुक्ति की लागत क्रमशः 6,000 रुपये और 2,000 रुपये होगी। तो क्या संयंत्र को बंद किया जाना चाहिए? शट डाउन बिंदु बताइए? (14)

(15,000)